# ऑफिसर बनकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार धरे

■ वेंडर रजिस्ट्रेशन व अन्य औपचारिकताओं के नाम पर उनसे 5,06,415 रुपये जमा करवा लिए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो भारतीय वायु सेना और सेना के वरिष्ठ अधिकारी बनकर व्यापारियों को शिकार बनाता था। यह गिरोह जाली दस्तावेज और फर्जी परचेज आर्डर के जरिए लोगों का भरोसा जीतकर उनसे लाखों की ठगी कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में अब तक चार आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिनके तार दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक एक व्यापारी ने क्राइम ब्रांच में शिकायत कर आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को वायु सेना का अधिकारी बताकर उनसे 'एलुमिनस लैटेराइट' की सप्लाई का आर्डर दिया। ठगों ने विश्वास दिलाने के लिए वायु सेना के नाम पर फर्जी परचेज आर्डर भी भेजा। व्यापारी ने माल डिस्पैच कर दिया, तो ठगों ने उन्हें फोन कर बताया कि वह 'अप्रूव्ड वेंडर' की लिस्ट में नहीं है।

वेंडर रजिस्ट्रेशन और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर उनसे 5,06,415 रूपये जमा करवा लिए गए। लगातार पैसों की मांग करने पर पीड़ित को शक हुआ तब उन्होंने पुलिस में शिकायत कर दी। इसके बाद क्राइम ब्रांच में मामला दर्ज एसीपी रमेश लांबा और इंस्पेक्टर कमल कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। अपराध में इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड बुलंदशहर से जारी हुए थे लेकिन इन सिमकार्ड का लोकेशन नूंह में ट्रेस हुआ। इससे साफ हो गया कि यह गिरोह मेवात के सुदूर इलाकों से बैठकर देशभर के व्यापारियों को निशाना बना रहा था।

जांच के बाद पुलिस टीम ने सिमकार्ड मुहैया कराने वालों से लेकर बिचौलिये के रूप में काम करने वाले चार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरो. पितों के नाम मनीष, बुलंदशहर, कौशल, अलीगढ़, आमिर उर्फ बुरहान, नूंह और रिजवान अहमद, नूंह है। इनमें मनीष, अपने नाम पर फर्जी सिमकार्ड लेकर गिरोह के सरगना को भेज देता था। कौशल, फर्जी सिमकार्ड की व्यवस्था करता था। आमिर, सिमकार्ड और बैंक खाते ठगों तक पहुंचाने का काम करता था और रिजवान अहमद गिरोह का मुख्य सदस्य (पुराना आपराधिक रिकार्ड) है। इसपर पहले भी पलवल में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे सुव्यवस्थित तरीके से काम करते थे। मनीष और कौशल, युवाओं से 1,500 में सिमकार्ड और 6,000 में बैंक खाते खरीदते थे। इन सिमकाड्र्स का इस्तेमाल कर मेवात के ठग व्यापारियों को फोन करते थे और खुद को आर्मी या एयरफोर्स का बड़ा अफसर बताते थे। वे हूबहू असली दिखने वाले सरकारी लेटरहेड और स्टैम्प का उपयोग कर फर्जी परचेज आर्डर भेजते थे, जिससे कोई भी आसानी से झांसे में आ जाए।

गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है। कोर्ट से फरार आरोपितों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी करवा लिए गए हैं। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के सभी सदस्यों के पकड़े जाने से मेवात क्षेत्र में चल रहे कई साइबर अपराधों के मामलों का पता लग सकता है। इस मामले को लेकर पुलिस ने व्यापारियों से अपील की है कि वे किसी भी सरकारी संस्थान का आर्डर मिलने पर उसकी आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय से पुष्टि जरूर करें और किसी भी अनजान खाते में श्ररजिस्ट्रेशनश्र के नाम पर पैसा न भेजें।

# धूल, कचरा व खुले में जलाने की घटनाओं की रियल-टाइम ट्रैकिंग शुरूः पर्यावरण मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने रोड पॉल्यूशन कंट्रोल प्रोग्राम शुरू किया। यह दिल्ली में फैले हुए वायु प्रदूषण स्रोतों की जमीनी निगरानी और तेज समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस प्रोग्राम के तहत हर जिले में विशेष फील्ड सर्वेयर तैनात किए गए हैं, जो हर कार्यदिवस पर निगरानी अधिकारियों की देखरेख में दिल्ली की सड़कों का व्यवस्थित सर्वे करेंगे और रियल-टाइम में प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान करेंगे। ऑपरेशनल रूप से इसे रोड रेडार यानी Real-time Air Pollution Detection Across Road के रूप में तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य सड़क सफाई बेहतर करना, धूल कम करना और शहर में वायु गुणवत्ता में मापनीय सुधार लाना है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, दिल्ली की स्वच्छ हवा की लड़ाई जमीन पर, गली-गली और सड़क पर जीतनी होगी। रोड RADAR के माध्यम से सरकार रोजाना निगरानी, रियल-टाइम रिपोर्टिंग और सीधे विभागीय जवाबदेही की वैज्ञानिक व्यवस्था लागू कर रही है, ताकि प्रदूषण स्रोतों को नजरअंदाज न किया जाए और उन पर तुरंत कार्रवाई हो। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार स्वच्छ हवा के बड़े मिशन पर काम कर रही है। इसमें वैज्ञानिक तरीकों, मजबूत मॉनिटरिंग, तेज रिस्पॉन्स सिस्टम और जमीनी स्तर पर प्रभावी अनुपालन शामिल है। यह प्रोग्राम उसी व्यापक रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

नई व्यवस्था के तहत हर जिले के 13 सर्वेयर मिलकर दिल्ली की लगभग 18,000 किमी सड़कों को कवर करेंगे। इसमें एमसीडी, नई दिल्ली नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के सभी क्षेत्र शामिल होंगे। हर महीने दिल्ली के पूरे सड़क नेटवर्क का सर्वे किया जाएगा। प्रत्येक सर्वेयर को रोजाना कम से कम 20 किमी सड़क का सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# सरकारी स्कूलों का होगा व्यापक 'स्ट्रक्चरल ऑडिट': मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि दिल्ली सरकार राजधानी के सभी सरकारी स्कूलों का व्यापक स्ट्रक्चरल ऑडिट कराएगी।

इसका उद्देश्य स्कूलों में मौजूद कमियों और जरूरी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑडिट के दौरान स्कूल भवनों की मजबूती और सुरक्षा की जांच की जाएगी। साथ ही पीने के पानी, शौचालय, साफ-सफाई और फायर सेफ्टी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार से निरीक्षण होगा। मुख्यमंत्री ने एक सरकारी स्कूल का औचक निरीक्षण किया था। यहां बुनियादी सुविधाओं को लेकर शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया।

निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल का खूब प्रचार किया, लेकिन जमीनी स्तर पर जरूरी काम नहीं किए।मुख्यमंत्री ने सुबह रूपनगर नंबर चार स्थित राजकीय सर्वोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर स्कूल परिसर की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उनसे पानी की व्यवस्था, फायर सेफ्टी, शौचालयों की स्थिति, साफ-सफाई, गर्मी से राहत के इंतजाम, शिक्षकों की उपलब्धता और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि स्कूल में साफ पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। वाटर कूलर और आरओ सिस्टम लंबे समय से खराब पड़े हैं, इसकी वजह से अधिकतर छात्र सीधे नल का पानी पीने को मजबूर हैं।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शिकायतें मिलने के बाद सरकारी स्कूल का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेते हुए।

## एक नजर

### सीआरपीएफ जवान ने गोली मार की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ की 164 बटालियन, एबीएन कंपनी के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस गन से खुद को गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सतीश कुमार के रूप में हुई है। सतीश कुमार ग्राम ममरिया आसमपुर, थाना खोल, तहसील मनेठी, जिला रेवाडी, हरियाणा निवासी थे।

### जीवन बीमा उद्योग ने 15.7% की वृद्धि दर्ज की



**नई दिल्ली।** जीवन बीमा क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2026 में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई, जिसमें नए व्यवसाय प्रीमियम (एनबीपी) में सालाना 15.7% की वृद्धि देखने को मिली। यह वृद्धि कुल रु 4,59,713 करोड़ तक पहुंच गई, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2025 में यह रु 3,97,337 करोड़ थी। मार्च 2026 के महीने के लिए, उद्योग ने नए व्यवसाय प्रीमियम के रूप में रु 75,872 करोड़ जुटाए, जो मार्च 2025 में रु61,439 करोड़ की तुलना में तीव्र वृद्धि को दर्शाता है, जो व्यक्तिगत और समूह दोनों क्षेत्रों में निरंतर मांग को रेखांकित करता है। इस बारे में बीमा जागरूकता समिति के अध्यक्ष कमलेश राव ने कहा, ष्बीमा जागरूकता समिति के रूप में, हमारा निरंतर ध्यान सतत जागरूकता बढ़ाने, समझ में सुधार करने और देश भर में वित्तीय लचीलेपन को मजबूत करने के लिए जीवन बीमा को शीघ्र अपनाने को प्रोत्साहित करने पर है।

### मदर्स डे कैंपेन पेश किया

**नई दिल्ली।** धीरसंस ज्वैलर्स ने अपना मदर्स डे कैंपेन श्पहला प्यार. पहला सोना.श पेश किया है। यह उस महिला को एक समर्पण है जिसने हमें प्यार का पहला अनुभव दिया और जो लगातार हमें वह इंसान बनाता है जो हम आज हैं। यह कैंपेन एक सीधे-सादे विचार पर आधारित है कि हमने अपनी माँ के जरिए प्यार के सबसे बिना शर्त वाले रूप का अनुभव किया था। यह शुरुआती रिश्ता ही है जो हमारे साथ रहता है, और हमारे विचार के तरीके, हमारे जवाब देने के तरीके और हमारे जीने के तरीकों पर असर डालता है। इस कैंपेन के बारे में बात करते हुए, धीरसंस ज्वैलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर की क्रिएटिव डायरेक्टर, रीवा धीर ने कहा, 'पहला प्यार। पहला सोना।' के साथ, हमारा मकसद हर उस माँ का सम्मान करना है जो हमारी जिंदगी में प्यार, चमक और रोशनी का प्रतीक रही है।

### हाई-स्ट्रीट रिटेल फॉर्मेट में देखी जा रही दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** गैलेक्सी और सवासदी ग्रुप ने 135 करोड़ रूपये के निवेश के साथ रोहिणी सेक्टर 18 में रेडी-टू-मूव-इन कमर्शियल डेवलपमेंट 'सवासदी 18' लॉन्च किया है। यह लॉन्च ऐसे समय में हुआ है जब हाई-स्ट्रीट रिटेल फॉर्मेट में नई दिलचस्पी देखी जा रही है, खासकर उन ब्रांड्स के बीच जो तेजी से मार्केट में प्रवेश कर रहे हैं और ज़्यादा विजिबिलिटी चाहते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए गैलेक्सी - सवासदी ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर शीतल अग्रवाला ने कहा, हम इस बात पर गौर कर रहे हैं कि शहरी इलाकों में रिटेल पसंद कैसे बदल रही है। ऐसी जगहों की तरफ साफ बदलाव हो रहा है जो आसानी से मिल सकें, दिखाई दें और बिना ज्यादा समय लिए काम करें।

### हर विद्यार्थी की जिंदगी का हिस्सा बने खेल: योगेश सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह शुक्रवार को वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद (डीयूएससी) के 'वार्षिक खेल पुरस्कार समारोह 2026' में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एनईपी-2020 के तहत खेलों को शिक्षा का हिस्सा तो बनाया गया है, लेकिन जरूरत है कि खेल हर विद्यार्थी की जिंदगी का भी हिस्सा भी बनें। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद को भी इस पर काम करना चाहिए और प्रत्येक प्रिंसिपल को अपने कॉलेजों में स्पोट्र्स कोच नियुक्त करें। कुलपति ने कहा कि खेल हमें जितना सिखाते हैं, हारना सिखाते हैं, गिरना सिखाते हैं और उठना भी सिखाते हैं। इसलिए खेलों का बहुत महत्व है।

# दुकानदार व उसके पोते पर किए चाकू से वार

■ दुकान के गल्ले में रखे रुपये लूटकर हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में बीती रात दुकान में घुसकर बदमाशों ने दुकान मालिक और उसके पौते पर चाकू से हमला करके गल्ले से हजारों रुपये लूट लिये। पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगोलपुरी में इस तरह की यह आम बात है। वारदात करने वाले नाबा. लिग इस वारदात में भी शामिल होगें। पुलिस को पता होने के बावजूद भी पुलिस पहले से कोई गंभीर एक्शन नहीं लेती है। नाबा. लिग भी पकड़े जाते हैं,कुछ ही दिन या फिर थाने से ही जमानत लेने के बाद दोबारा बाहर आकर ओर ज्यादा क्रूर तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रात करीब सवा दस बजे पुलिस को एल ब्लॉक में दुकानदार और उसके पौते को चाकू मारकर लूटने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। दुकान में काफी खून पड़ा था। पता चला कि दुकानदार मुकेश कुमार अग्रवाल और उनके पौते गौरव कुमार अग्रवाल को परिवार वालों ने नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अस्पताल में पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश की हालत गंभीर देखकर उनको बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। जिनके जांघ पर चाकू मारा गया था। जबकि चेहरे पर भी चोट के निशान थे। जबकि गौरव की हालत स्थिर बताकर उसके पेट के पास चाकू मारने की बात बताई। पुलिस ने वारदात वाली जगह से क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे दो से तीन सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया। जिसमें कुछ बाइक सवार लडके दिखाई दिये। जिनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने दुकान से कुछ ही दूरी से दो पहिया वाहन को भी जब्त किया गया है,जिसके बारे में बताया गया कि बदमाश उसी पर आए थे। परिवार वालों ने बताया कि बाइक पर करीब पांच बदमाश आए थे। जिसमें से दो तीन दुकान के अंदर घुसे। मुकेश अग्रवाल गल्ले पर बैठे थे। एक बदमाश ने उनके पास आकर बोला कि अंकल आपका दिक्कत वाला सीन चल रहा है। बस यहीं बोलकर मुंह पर मुक्का मारा और चाकू जांघ में मार दिया। उनका पौता गौरव बदमाशों को पकड़ता,बदमाश ने उसके पेट के साइड में चाकू मारकर उसको भी घायल कर दिया। जबकि गल्ले और मुकेश की जेब में रखे हजारों रुपये लूटकर फरार हो गए।

# दिल्ली में जुर्म के मामलें में विदेशी भी पीछे नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉड्र्स ब्यूरो के ताजा आंकड़ों के अनुसार 2024 में दिल्ली में विदे. शियों के खिलाफ 201 एफआईआर दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया, जबकि 2023 में यह आंकड़ा महज 130 पर था। इसमें बढ़ोतरी देखी गई है। आंकड़ों पर गौर करें तो केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय राजधानी में ऐसे मामलों की संख्या सबसे ज्यादा है। लगातार विदेशी मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल रहे हैं। एनसीआरबी के डाटा के मुताबिक 2022 में दिल्ली में विदेशी नागरिकों से जुड़े 256 मामले सामने आए थे। 2023 में यह आंकड़ा तेजी से गिरा। इसके बाद दोबारा 2024 में यह फिर से बढ़ गया। आंकड़ों के प्रतिशत को देखें तो साल-दर-साल इसमें 54 फीसदी से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं इन मामलों में वर्ष 2024 में दिल्ली में चार्जशीट दाखिल करने की दर 99 प्रतिशत रही। यह राष्ट्रीय औसत 96.7 प्रतिशत से ज्यादा है। इससे पता चलता है कि ऐसे मामलों में पुलिस जांच पूरी होने की दर काफी ज्यादा है। दूसरी ओर एनसीआरबी के डाटा के मुताबिक पूरे देश में 2024 में विदेशियों द्वारा किए अपराधों के 2,792 मामले दर्ज किए गए।

### केजरीवाल को आबकारी घोटाला से बरी किए जाने को लेकर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 22 आरोपितों को ट्रायल कोर्ट से बरी करने के आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो के चुनौती दिए जाने पर आज सुनवाई टाल दी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 11 मई को करने का आदेश दिया। इस मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक ने सुनवाई का बहिष्कार करने का फैसला किया है। तीनों ने न तो खुद और न ही किसी वकील के जरिये कोई दलील रखने की बात कही है।



कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा सोनिया विहार में सड़क व नालों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते हुए।

# आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर अव्यवस्था से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शासन-प्रशासन की लापरवाही के चलते दिल्ली के प्रमुख बस अड्डे में शुमार महाराणा प्रताप कश्मीरी गेट बस अड्डे में बड़ा अराजकता का माहौल देखने को मिलता है। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।



बताते चलें 2013 से बीवीजी को सुरक्षा व सफाई व्यवस्था का ठेका इसी कंपनी के हाथ में है। ऐसे में साफ देखा जा सकता है कि सफाई व्यवस्था चौपट है और जो गार्ड लगे सुरक्षा के नाम पर वह यात्रियों से पैसे की वसूली करते हैं। देश- दुनिया से यात्री इस बस अड्डे में आते हैं। जिसमें कोई देहरादून हरिद्वार कोई पंजाब चंडीगढ़ कोई लुधियाना कोई हरियाणा जाने वाले यात्री होते है। कश्मीरी गेट बस अड्डे में बीवीजी कंपनी को जो ठेका मिला है। उसमें 350 से अधिक जिसमें गार्ड, सफाई कर्मचारी लिफ्ट ऑपरेटर आदि शामिल है। कश्म. ीरी गेट में पानी की व्यवस्था चौपट है। जो स्वचालित मशीन लगी है वो अक्सर बन्द रहती है। यात्रियों को चढ़ने उतरने मे परेशानी होती है। लिफ्टे खराब है। ऑपरेटर नदारद रहते हैं शिकायत करने को कार्रवाई नहीं होती है इस मामले में शासन प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। हर माह करोड़ों रुपए का बिल बनता है।

यात्री रमेश सोलंकी ने बताया कि यहां के गार्ड कहते है कि यह सामान लेकर ना जा सकते उधर सामान लेकर आओ, सामान ज्यादा है उसे तरफ से जो, इसे इस तरफ से जो और कोई 50 दे देता तो उससे कहते है चले जाओ वह अपने परिवार के साथ हरिद्वार जा रहे थे। तब यहां पर गार्ड ने धमकाया और 100 रुपये ले लिए।

# कपिल मिश्रा ने सोनिया विहार में सड़क व नालों के निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने करावल नगर विधानसभा के सोनिया विहार में मुख्यमंत्री विकास निधि से 70 लाख रुपये की लागत से तीसरा पुस्ता मार्केट के सड़क एवं नालों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया और तैयार लिंक गलियों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य की अदभुत मिसाल 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और सेना के शौर्य को नमन कर रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि एक साल पहले सर्जिकल स्ट्राइक तब हुई जब 90 मिनट में पाकिस्तान के 11 सैनिक हवाई अड्डे नष्ट करके हमारी सेना वापस भी आ गई थी, और अब एक सर्जिकल स्ट्राइक 4 मई को बंगाल की जनता ने सनातन विरोधियों के खिलाफ की है।

देश की जनता ने दिल्ली, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नतीजों से यह बता दिया कि जो सनातन को मिटाने की बात करेगा, जनता उसको मिटाकर छोड़ेगी। कपिल मिश्रा ने करावल नगर में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले एक साल से अब तक करावल नगर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से सीवर का जाल बिछाने का कार्य अकेले सोनिया विहार में हो रहा है और सभापुर वार्ड में भी सीवर का काम एक महीने में शुरू हो जायेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में विधायक एवं पार्षदों के पास विकास कार्यों के लिए हमेशा फण्ड की कमी रहती थी, इससे निगम पार्षदों और विधायकों में तनाव की स्थिति बनी रहती थी।

### डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया

**नई दिल्ली।** डिफेंस टेक कंपनियों में से एक,आर्मरी एक अहम पड़ाव हासिल करते हुए अपनी तरह के पहले ऐसे स्टार्टअप्स में से एक बन गया है, जिसे रक्षा मंत्रालय से अपने एआई -पावर्ड सर्ज काउंटर-अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम के लिए 100 करोड़ रुपये ऑर्डर मिला है। यह कॉन्ट्रैक्ट कई फील्ड टेस्ट और ट्रायल के बाद दिया गया, जिनमें आर्मरी के सिस्टम ने आवारा ड्रोन्स का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उन्हें बेअसर करने से जुड़ी तय की गई इस बारे में आर्मरी के फाउंडर और सीईओ अमरदीप सिंह ने कहा, 100 करोड़ का यह ऑर्डर आर्मरी को शायद सबसे कम उम्र का ऐसा डिफेंस-टेक स्टार्टअप बनाता है, जिसने इतने कम समय में इतना बड़ा डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है।

# विकास की राह पर फिर रफ्तार भरेगा बंगाल: डॉ.दयानंद वत्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली प्रदेश के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से पूर्व लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे एवं

भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री माननीय श्री शुवेंदु अधिकारी को अपनी ओर हार्दिक बधाई एवं अनेकानेक शुभकामनाएं दी हैं। वत्स ने कहा कि शुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री रहते बंगाल ना केवल विकास की राह पर नई रफ्तार भरेगा बल्कि अपना खोया हुआ गौरव भी पुन::प्राप्त करेगा।

वत्स ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से शुवेंदु अधिकारी के नाम का चयन और घोषणा करके भारत के 140 करोड़ लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हुईं मधु शर्मा प्रदेश सचिव पद की संभाली जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के संगठन विस्तार अभियान के अंतर्गत सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मधु शर्मा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी स्वीकार की। इस अवसर पर महिला नेतृत्व और संगठन से जुड़ी कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहीं। सदस्यता ग्रहण करने के बाद मधु शर्मा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल इसलिए ज्वाइन किया क्योंकि यहां महिलाओं को सम्मान और सुरक्षित राजनीतिक वातावरण मिलता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी छोड़ने की सबसे बड़ी वजह महिलाओं के प्रति सम्मान का अभाव रहा। मधु



शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि जब उनके पति गंभीर रूप से बीमार थे और बाद में उनका स्वर्गवास हो गया, तब समाजवादी पार्टी के किसी भी नेता ने उनके परिवार की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि पति के निधन के बाद लगातार तीन वर्षों तक उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कराने का अनुरोध किया, लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर महानगर स्तर तक किसी ने भी इसमें रुचि नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा कि इसी दौरान उनका संपर्क राष्ट्रीय लोकदल से हुआ और राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात के बाद उन्हें महसूस हुआ कि महिलाओं के सम्मान, समाज सेवा और राजनीतिक भविष्य के लिए राष्ट्रीय लोकदल से बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा कि पार्टी को बेहद खुशी है कि मधु शर्मा जैसी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय लोकदल पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की महिलाओं को लेकर बनाई गई नीतियों के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पार्टी से जुड़ रही हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दीपमाला चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्राणी त्यागी सहित पार्टी की अनेक महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने पर विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरदार इंद्रजीत सिंह प्रदेश महासचिव रविंदर सिंह चौहान ओडी त्यागी विजय कौशिक युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ संजीव अरोड़ा जिला महासचिव प्रदीप त्यागी दिनेश शर्मा राहुल चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र डबास प्रदेश उपाध्यक्ष बिना सिंह मंजू शुक्ला निगार उर्मिला सिंह बिना पूनिया नीलम तोमर मंजू शुक्ला अनीता चौधरी रूबी जादौन राजबाला उपस्थित रहे।

# रोटरी नॉर्थ गाजियाबाद ने एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस की डोनेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी नॉर्थ जो सामाजिक कार्यों में निरन्तर अग्रसर रहता है ने अपने इस वर्ष के मेजर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जीवन आशा हॉस्पिटल मुरादनगर को रोटरी एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस डोनेट की। रोटरी नॉर्थ अध्यक्ष रो पुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस एम्बुलेंस में किसी रोगी की रक्षा के लिए सभी उपकरण उपलब्ध है। इस एम्बुलेंस का उदघाट्न डिस्ट्रिक गवर्नर 3012 रो अमिता महेंद्रू द्वारा जीवन आशा हॉस्पिटल को दान कर किया गया।

इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ के अधिकांश सदस्यों ने अपना सहयोग दिया एवं इसके साथ साथ श्री ऐस ग्लोबल लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के CSR के साथ से यह प्रोजेक्ट पूरा किया गया। इस अवसर पर पीडीजी रो सुभाष जैन, डी जी ई रो अमित गुप्ता, डी जी एन रो रवि बाली, रो संजय जैन, रो मनोज अग्रवाल, रो रजत जिंदल, रो पवन कोहली, रो पीयूष गुप्ता, रो प्रमोद गोयल, रो विवेक अग्रवाल, रो आलोक गर्ग, रो सुमेश गर्ग, रो अंकुर अग्रवाल, रो मुकेश अग्रवाल, रो. के डी एस जग्गी, रो संजीव जैन एवं सभी रो एंस ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# व्योम त्यागी ने गेम्स में लगातार चौथी बार जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित 55वीं के.वि.स. संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत ताइक्वांडो प्रतियोगिता अंडर-19 के 55 किलोभार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 वर्षीय खिलाड़ी व्योम त्यागी ने लगातार चौथे वर्ष स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। रीजनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही व्योम त्यागी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। अपनी मेहनत, अनुशासन और बेहतरीन खेल प्रतिभा के दम पर व्योम आज युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनते जा रहे हैं। ताइक्वांडो का यह उभरता हुआ खिलाड़ी देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अब तक 50 से अधिक पदक अपने नाम कर चुका है। व्योम की इस शानदार उपलब्धि पर पीएम केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर के प्राचार्य अरुण शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं वसुंधरा स्थित एमडब्ल्यूएस एकेडमी एवं भारतीय टीम के कोच संदीप चौहान ने कहा कि व्योम त्यागी ने कठिन मेहनत और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

# डीजीआर पब्लिक स्कूल, पतला में एनसीसी भर्ती प्रकिया हुई आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सी ओ कर्नल पी.के. सिंह 35 यूपी बटालियन एनसीसी जी के निर्देशन में डी.जी.आर. पब्लिक स्कूल, पतला, गाजियाबाद में एनसीसी जूनियर डिवीजन भर्ती प्रक्रिया 2026 का आयोजन हुआ। इस भर्ती प्रक्रिया में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया!



भर्ती प्रक्रिया के दौरान शारीरिक परीक्षण एवं चयन गतिविधियों का संचालन हवलदार देवेंद्र सिंह एवं हवलदार दीपक कुमार द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।

नायक राहुल शर्मा ने चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उनमें जोश एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। वहीं सूबेदार नरदोढ़ थापा ने विद्यार्थियों को एनसीसी के आदर्शों – साहस, एकता एवं सेवा भावना – को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के ए.एन.ओ. गुड्डू गुप्ता की विशेष भूमिका रही। उनके कुशल निर्देशन एवं निरंतर प्रयास से भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक एवं भविष्य का सशक्त नेतृत्व बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी एनसीसी अधिकारियों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर लहराया भगवा: कुणाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भाजपा के युवा नेता कुणाल त्यागी ने कहा कि यह जीत गवाह है कि बंगाल अब हिंसा और तुष्टीकरण की राजनीति को ठुकराकर, 'विकास और सुशासन' को अपना चुका है।

बदलाव की राजनीति का दौर अब शुरू हुआ है। आज से बंगाल श्भयमुक्तश हुआ है और विश्वास से युक्त हुआ है। यह डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के साकार होने की शुरुआत है।

यह ऐतिहासिक जीत उन सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के



बलिदान, संघर्ष और तपस्या का परिणाम है, जिन्होंने दशकों तक बंगाल की धरती पर कमल खिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बंगाल ने दिखा दिया है कि लोकतंत्र में जनता से ऊपर कोई नहीं है।

# डीपीएस मोदीनगर में मातृ दिवस का भावपूर्ण आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में 8 मई 2026 को मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, उनकी माता जी आशा गांधी विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी, एवं उनकी माता जी दीपा मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य एवं भावपूर्ण कविताओं की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह



लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में अपनी माताओं के प्रति प्रेम, स्नेह एवं सम्मान की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण माँ और बच्चों की यादों पर आधारित एक भावनात्मक वीडियो प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित सभी अभिभावकों को भावुक कर दिया। इस दौरान माताओं ने भी मंच पर नृत्य प्रस्तुत कर उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने अनुभव एवं यादें सभी के साथ साझा कीं।

चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि माँ बच्चे की पहली गुरु होती है और उसके संस्कारों एवं व्यक्तित्व निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित इस सुंदर कार्यक्रम की सराहना की।

विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी ने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी माताओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि माँ का प्रेम निस्वार्थ एवं अनमोल होता है तथा समाज और परिवार की मजबूत नींव माताएँ ही होती हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने सभी माताओं एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि माताएँ बच्चों के जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होती हैं। उन्होंने कहा कि माँ केवल जन्म ही नहीं देती, बल्कि अपने संस्कारों, प्रेम और त्याग से बच्चे के व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हैडमास्टर अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में प्रेम, स्नेह एवं भावनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। यह कार्यक्रम सभी माताओं, विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। यह आयोजन प्रेम, सम्मान और भावनाओं से परिपूर्ण रहा तथा सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# बेटी ने दिया पिता को नया जीवन, मैक्स अस्पताल में असिस्टेड डोनर लिवर ट्रांसप्लांट सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट के तहत राज्य की पहली रोबोटिक-असिस्टेड राइट डोनर हेपेटेक्टॉमी सफलतापूर्वक की। यह कॉम्प्लेक्स और अत्याधुनिक सर्जरी एडवांस्ड दा विंची Xi रोबोटिक सिस्टम की मदद से संपन्न की गई। दा विंची Xi रोबोटिक सिस्टम की सहायता से डॉक्टरों ने डोनर के लिए मिनिमली इनवेसिव रोबोटिक लिवर सर्जरी की। इस एडवांस्ड तकनीक के उपयोग से सर्जरी अधिक प्रिसाइज हुई, छोटे चीरे लगे, ब्लड लॉस कम हुआ, दर्द में कमी आई और डोनर की रिकवरी भी अपेक्षाकृत तेज रही। भर्ती किए गए रिसिपिएंट का सफल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट किया गया और वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। वहीं डोनर भी पूरी तरह स्थिर हैं और सर्जरी के बाद लगातार रिकवर कर रही हैं। इस उपलब्धि पर मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर ट्रांसप्लांट एंड हेपेटोबिलियरी साइंसेज के ग्रुप चेयरमैन – प्रो. डॉ. सुभाष गुप्ता, ने कहा, "लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी सबसे कॉम्प्लेक्स प्रक्रियाओं में से एक है और इसमें डोनर की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, के लिवर ट्रांसप्लांट एंड बिलियरी साइंसेज विभाग के डायरेक्टर – डॉ. राजेश डे, ने कहा, "यह केस केवल मेडिकल दृष्टि से ही चुनौतीपूर्ण नहीं था, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बेहद प्रेरणादायक था। अपनी पिता की जान बचाने के लिए बेटी द्वारा लिवर का हिस्सा दान करना साहस और प्रेम का अद्भुत उदाहरण है। रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से हम डोनर पर शारीरिक प्रभाव को कम करने के साथ बेहतरीन सर्जिकल परिणाम सुनिश्चित कर सके। यह एडवांसमेंट भविष्य में अधिक मरीजों और परिवारों को लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।


## संबंध विच्छेद

सूचित किया जाता है कि मेरा व्यावहारी कालू पुत्र स्व लतीफ निवासी ग्राम चिरोडी गांव लोनी देहात लोनी जिला गाजियाबाद ने अपने छोटे पुत्र गुलजार व पुत्रवधू अमीर जहां तथा उनके बच्चे को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उपरोक्त गुलजार व अमीर जहां व उनके बच्चे के किसी कृत्य के प्रति मेरी व्यावहारी का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**बी0 के0 निम्मी एडवोकेट।**


# मोदीनगर पालिका में हुई एजेंडा बोर्ड बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर नगर पालिका परिषद, में आज एजेंडा बोर्ड की बैठक चेयरमैन विनोद वैशाली की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा करते हुए आय-व्यय से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा नगर विकास एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल



व्यवस्था, जल निकासी, कर संग्रहण तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा विभिन्न वार्डों की समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े सुझाव भी प्रस्तुत किए गए, जिन पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। चेयरमैन विनोद वैशाली द्वारा नगर के समग्र विकास हेतु सभी सभासदों एवं अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नगर हित में सकारात्मक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र,आर आई अंकित चौधरी, अंकित गोयल, सफाई निरीक्षक अमरीश कुमार,विनोद कुमार सहित समस्त अधिकारीगण एवं समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

# दिव्य ज्ञान स्कूल में हुआ बच्चो के डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्थानीय ग्राम भवी (निकट पतला) स्थित दिव्य ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बच्चो के दांतो की सुरक्षा के लिए एक डेंटल चेकअप कैंप (दंत चिकित्सा शिविर) का आयोजन किया गया जिसमे चिकित्सकों ने सभी बच्चो के दांतो की गहनता से जाँच की! स्कूल की प्रिंसिपल डॉली राघव ने बताया कि स्कूल के बच्चो की उचित देखभाल करने के लिए समय समय पर स्कूल द्वारा बच्चो के स्वास्थ्य की जाँच हेतु विभिन्न हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किये जाते रहते है उसी कड़ी में इस बार दांतो की सुरक्षा के लिए कैंप लगाया गया था।

उन्होंने यह भी बताया कि दांतो की जाँच के साथ साथ बच्चो को दांतो की उचित देखभाल व साफ सफाई करने के अलावा जिन चीजों को खाने से दाँत खराब होते है यह भी बताया गया! स्कूल के सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।


## Nagar Palika Parishad Muradnagar, Distt. Ghaziabad

**BID No. 343** **Date: 08/05/2026**

**NOTICE INVITING TENDER (BID) FOR PROCESSING OF ACCUMULATED AND DAY TO DAY GENERATED MUNICIPAL WASTE AT EXISTING WASTE PROCESSING SITE**

Nagar Palika Parishad Muradnagar, Ghaziabad, U.P. invites, online Tender (Bid) for Processing of Accumulated and Day to Day generated Municipal Waste at Existing waste processing site, situated at Santosh City, Near Gang Canal, Muradnagar, for selection of experienced firm/contractor.

The Bid is to be submitted online on **https://etender.up.nic.in.** on or before, 26-05-2026, at 2 PM. The complete Bid document can be downloaded from the e-procurement website **https://etender.up.nic.in**, The bids will be opened on 4 PM, at the office of Executive Officer.

Nagar Palika Parishad, reserves the right to reject any or all of the BID without assigning any reason thereof.

**Eaecutive Officer**
**Nagar Palika Parishad Muradnagar**
**Ghaziabad, U.P.**

**Chairman**
**Nagar Palika Parishad Muradnagar**
**Ghaziabad, U.P.**

## कार्यालय: नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद।

**पत्रांक: 345/न0पा0प0मु0 / ई-निविदा/2026–27** **दिनांक- 08/05/2026**

**-::ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-निविदा सूचना::-**

नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद द्वारा राज्य वित्त आयोग / नगर निधि/ मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CMVNY) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 11 मई 2026 की मध्यान्ह 02:00 बजे से दिनांक - 01 जून 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक- 01 जून 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | पत्रांक:- 344/ न0पा0परि0मु0/ई-निविदा/ 2026-27 दिनांक: 08 मई 2026 |
| Publish and Time for RFP | 11 मई 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 01 जून 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 01 जून 2026 को मध्यान्ह 04:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Muradnagar, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Security | As per NIT |
| E-Tender Document Processing | As per tender list |

**(दीपक कुमार)** अवर अभियन्ता (जलकल) | **(सतेन्द्र सिंह)** अवर अभियन्ता (सिविल) | **(डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह)** अधिशासी अधिकारी | **(छम्मी)** अध्यक्ष

# दिल्ली–फरीदाबाद के बीच एमईएमयू रेल सेवा को मिली मंजूरी

**फरीदाबाद के बीच प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुरोध पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और फरीदाबाद के बीच नई मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) रेल सेवा संचालित करने को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मुख्यमंत्री ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दिल्ली और फरीदाबाद के बीच प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन रोजगार, शिक्षा, व्यापार और अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आते हैं। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों और दैनिक यात्रियों द्वारा अतिरिक्त और सुविधाजनक रेल सेवा की मांग की जा रही थी।

मौजूदा परिवहन व्यवस्था पर अत्यधिक दबाव होने के कारण यात्रियों को भीड़, देरी और असुविधा का सामना करना पड़ता था। एमईएमयू सेवा शुरू होने से यात्रियों को तेज, सुलभ और किफायती सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार आम नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं और यातायात संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाकर लगातार कार्य कर रही है। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन एवं कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं को नई गति मिल रही है। यह नई रेल सेवा न केवल यात्रियों का समय बचाएगी, बल्कि सड़क यातायात के दबाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## चौ. ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में यूनानी ओपीडी क्लीनिक शुरू होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में होम्योपैथी एवं यूनानी ओपीडी क्लीनिक शुरू करेगी, जिससे एकीकृत आयुष आधारित वेलनेस एवं तनाव प्रबंधन सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी। यह पहल दिल्ली सरकार के आयुष निदेशालय के माध्यम से शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी और यूनानी सहित विभिन्न आयुष पद्धतियों के जरिए नागरिकों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# चरस तस्करी नेटवर्क ध्वस्त पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से एनसीआर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली मलाणा चरस की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से कुल 480.4 ग्राम चरस जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई थाना गाजीपुर में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे 7 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पूर्वी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम नशा तस्करों पर लगातार नजर रख रही थी। इसी क्रम में 9 अप्रैल को पुलिस टीम गाजीपुर इलाके के गांव गढ़ौली स्थित शर्मानाथ बांध के पास गश्त कर रही थी। तभी दो युवक पुलिस को देखकर बचने की कोशिश करने लगे।

शक होने पर पुलिस ने उन्हें पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से 115 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम जैन और राहुल कुमार के रूप में हुई। पूछताछ और तकनीकी जांच के दौरान पुलिस को पूरे नेटवर्क के बारे में अहम जानकारी मिली। जांच के आधार पर 18 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी विशाल भारद्वाज को गिरफ्तार किया। उसके पास से 101.4 ग्राम चरस बरामद हुई, जबकि गुरुग्राम स्थित उसके ठिकाने से 264 ग्राम और चरस जब्त की गई।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि इस नेटवर्क का मुख्य सप्लायर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मलाणा गांव का रहने वाला उमेश था, जिसे पुलिस टीम ने हिमाचल प्रदेश में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। इस खुफिया जानकारी पर तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हिमाचल प्रदेश में एक 'आउट-स्टेशन ऑपरेशन' (बाहरी क्षेत्र में कार्रवाई) को अंजाम दिया और चरस की आपूर्ति करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में 'हरदीप' की भूमिका भी सामने आई, जो मलाणा से दिल्ली तक चरस की खेप पहुंचाने वाले 'कूरियर' के रूप में काम करता था।

## 'अरुण दिल्ली' गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सुल्तानपुरी इलाके में 'अरुण दिल्ली' गिरोह के एक सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पकड़ा गया आरोपी सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र का खराब चरित्र का शख्स घोषित किया जा चुका है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान छत्रपाल उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह के अनुसार, छह मई को सूचना के आधार पर आरोपी को सुल्तान पुरी पुलिस स्टेशन रोड पर लाल क्वार्टर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनके मुताबिक, उसके खिलाफ सुल्तानपुरी थाने में शस्त्र कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 32वें अंतर राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आज दिल्ली विधान सभा में नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस संबंध में दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए थैलेसीमिया जांच अनिवार्य किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर सदन में चर्चा की जाएगी। यह निर्णय नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए गए अनुरोध के उपरांत लिया गया है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की वरिष्ठ विशेषज्ञ विनीता श्रीवास्तव, विधानसभा के सचिव रंजीत सिंह, इंडियन सोसाइटी ऑफ हेमेटोलॉजी एंड ब्लड ट्रांसफ्यूजन के उपाध्यक्ष एवं एम्स दिल्ली के हेमेटोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोरंजन महापात्र नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्ष डॉ. स्वरण अनिल,भारत सरकार के पूर्व उप आयुक्त एवं दिल्ली राज्य दिव्यांगजन आयुक्त टी.डी. धरियाल सहित चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, छात्र, थैलेसीमिया मरीज एवं परिवारजन उपस्थित थे।




दिल्ली विधान सभा में 32वें अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# गोगी व देव कल्याणपुरी गैंग के बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस ने श्शऑपरेशन गैंग बस्टश्श के तहत चार कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों में कुख्यात गोगी गैंग और देव कल्याणपुरी गैंग के सक्रिय सदस्य शामिल हैं। डीसीपी राजीव कुमार ने शुक्रवार को बताया कि अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई इन कार्रवाइयों से इलाके में जबरन वसूली, डकैती और स्नैचिंग जैसी संभावित वारदातों को समय रहते टाल दिया गया है। पुलिस आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है।

जिला स्पेशल स्टाफ और पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया (पीआईए) थाने की संयुक्त टीम ने ईडीएम और गाजीपुर मुर्गा मंडी गोलचक्कर के पास ट्रैप लगाकर गोगी गैंग के 48 वर्षीय सक्रिय सदस्य बुधपुर निवासी अमित मान को दबोचा। आरोपी के पास से एक अत्याधुनिक अवैध पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की चोरी की ड्यूक मोटरसाइकिल बरामद हुई। कुख्यात आरोपी अमित जबरन वसूली के लिए संभावित ठिकानों की रेकी कर रहा था। उस पर पहले से डकैती और चोरी के चार मामले दर्ज हैं। इसके बाद पीआईए पुलिस ने गाजीपुर गांव के समाधि पार्क के पास से कल्याणपुरी निवासी देव सिंह को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक अवैध तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए हैं। देव सिंह कल्याणपुरी थाने का घोषित बदमाश है और नशे का लती है।

# दिल्ली व जे एन्ड -के पुलिस ने कठुआ से 3 लुटेरों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत कठुआ जिले से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में लूट के कई मामलों में शामिल थे। इसकी जानकारी शुक्रवार को अधिकारियों ने दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि दिल्ली में लूट के कई मामलों में आरोपी तीन लोगों को गुरुवार को जिले में दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ दिल्ली के उत्तर द्वारका पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है और तीनों कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में डकैती के कई मामलों में शामिल थे। अधिकारियों ने गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान साहिल, अंशुल और हिमांशु के रूप में की है। उन्होंने बताया कि आरोपी अपराध करने के बाद दिल्ली से फरार होकर जम्मू-कश्मीर पहुंचे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की गतिविधियों के संबंध में सूचना मिलने के बाद, विभिन्न टोल प्लाजा और विशेष स्थानों पर चेकिंग तेज कर दी गई। पुलिस ने बताया कि वाहनों की डिटेल्स भी लखनपुर और कठुआ पुलिस इकाइयों के बीच शेयर की गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने बुधवार को सुबह करीब 4:30 बजे जम्मू-कश्मीर हाईवे पर नसरी इलाके को पार किया था, लेकिन बाद में वह पुलिस की मौजूदगी से बच निकलने में कामयाब रहा; संभवत उसे लखनपुर में भारी तैनाती के बारे में जानकारी मिल गई थी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने बुधवार को सुबह करीब 4:30 बजे जम्मू-कश्मीर हाईवे पर नसरी इलाके को पार किया था, लेकिन बाद में वह पुलिस की मौजूदगी से बच निकलने में कामयाब रहा; संभवत उसे लखनपुर में भारी तैनाती के बारे में जानकारी मिल गई थी। आरोपी को पकड़ने के लिए, कठुआ पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को एक रणनीति बनाई, जिसके तहत उन्होंने जानबूझकर लखनपुर नाके और टोल प्लाजा पर पुलिस की मौजूदगी कम कर दिया गया।

ऐसा इसलिए किया गया ताकि यह लगे कि एक अन्य हत्या की जांच में व्यस्त होने के कारण पुलिस का ध्यान कहीं और चला गया है। रास्ता साफ समझकर आरोपी गुरुवार शाम को कठुआ की ओर बढ़े, जिसके बाद पुलिस टीमों ने एक समन्वित अभियान में उन्हें रोक लिया।अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने ऑपरेशन के दौरान भागने की कोशिश की और अपनी गाड़ी से दिल्ली पुलिस के वाहन को भी टक्कर मार दी, लेकिन पुलिस द्वारा भगथली मार्ग सहित वैकल्पिक मार्गों को सुरक्षित करने के बाद उन्हें सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। पुलिस ने इस अभियान को दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच समन्वय के माध्यम से एक बड़ी सफलता बताया।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से आरोपियों और उनके गाड़ी की तलाशी ली गई, लेकिन उनके कब्जे से कोई हथियार या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई।

# शादी का दबाव डाला तो किशोरी ने घर छोड़ा, आगरा में मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां शादी के दबाव से परेशान होकर एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपना घर छोड़ दिया। हालांकि कल्याणपुरी पुलिस ने श्शऑपरेशन मिलापश्श के तहत एक महीने की कड़ी मशक्कत के बाद उसे उत्तर प्रदेश के आगरा कैंट से सकुशल बरामद कर लिया है। डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार, पांच अप्रैल को त्रिलोकपुरी निवासी व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय बहन के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की। जब पुलिस ने लंबी तलाश के बाद लड़की को बरामद किया, तो उसने बताया कि परिवार वाले उस पर शादी का दबाव बना रहे थे, जिससे घबराकर उसने स्वेच्छा से घर छोड़ने का फैसला किया था।

तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने बच्ची की तलाश में त्रिलोकपुरी, आनंद विहार रेलवे स्टेशन व आईएसबीटी और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन सहित कई अहम रास्तों के 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कैमरों की फुटेज और तकनीकी सर्विलांस से सुराग मिला कि लड़की आगरा की तरफ गई है।

## वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 8 करोड़ ठगने वाले 14 जालसाज दबोचे

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शाहदरा जिले में साइबर ठगी के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। Delhi Police के डीसीपी शाहदरा राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि यह गिरोह टेलीग्राम के जरिए संगठित तरीके से ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहा था। डीसीपी आरपी मीणा के अनुसार, 25 अप्रैल 2026 को गीता कालोनी स्थित एक होटल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी की गई, जहां से अलग-अलग राज्यों के 12 आरोपितों को पकड़ा गया।




दिल्ली ट्रैफिक पुलिस स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा परजागरूक करते हुए।

## उपमहापौर ने रामनगर वार्ड का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने शुक्रवार को शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में रामनगर वार्ड संख्या 222 का क्षेत्रीय निरीक्षण किया। उपमहापौर ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, नियमित एवं सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मारने से पहले दी थी धमकी चाकू गोदकर कर दी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी इलाके में एक युवक को उसी के दोस्त के सामने बदमाशों ने पहले पीट पीटकर अधमरा कर दिया। जब गुस्सा शांत नहीं हुआ। उसकी चाकू गोदकर हत्या कर दी।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिये वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। युवक के परिवार वालों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि अगर पुलिस समय पर उनकी शिकायत पर कार्यवाई कर लेती तो शायद हमारा बेटा जिंदा होता। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीरवार शाम पुलिस को बाबू जगजीवन राम अस्पताल से एक 18 साल के युवक विशाल यादव को खून से लथपथ हालत में भर्ती करवाने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया।

युवक को भर्ती करवाने वाले उसके दोस्त सागर ने बताया कि विशाल परिवार के साथ झुग्गी कलंदर कॉलोनी, भलस्वा डेयरी में रहता था। परिवार में माता पिता और बड़ा भाई व दो बहनें हैं। उसी ने विशाल के परिवार को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। सागर की निशानदेही पर पुलिस वारदात वाली जगह तंदूर वाली गली,भलस्वा डेयरी पहुंची। क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। मौके पर टूटी हुई ईंटे और खून से सना चाकू बरामद किया। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया। पुलिस ने सागर के बयान दर्ज करके हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मौके से साक्ष्य और दो लावारिस मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

शाम को तो मेरा बेटा एक हजार रुपये उधार लेकर आया था। बोला था कि मम्मी इससे मशीन बनवा लो और पैसे शाम को दे दूंगा। उसके बाद वो चला गया था। विशाल की मां ने बताया कि मेरे दामाद को किसी ने फोन करके बताया था कि विशाल को लडकों ने चाकू मारे है,उसको बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले गए हैं। उसके बाद हम दामाद के साथ मौके पर पहुंचे,जहां बेटे के दोस्त ने आरोपियों के बारे में और जगह के बारे में बताया। जहां पर बेटे को मार डाला था। विशाल छोटा मोटा काम ही करता था। मगर उसके कोई उल्टे सीधे दोस्त नहीं थे। विशाल के बड़े भाई विजय ने बताया कि कुछ दिन पहले इलाके में ही रहने वाले कुछ लडकों से विशाल का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विशाल को जान से मारने की धमकी भी मिली थी।

# ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली पुलिस के पीआरओ और शिक्षा निदेशालय,के सहयोग से दिल्ली पुलिस मुख्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता और स्कूली छात्रों के बीच सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशाल सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस पहल के तहत दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का युटुब पर सीधा प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) किया गया, जिससे दिल्ली भर के स्कूलों के लगभग एक लाख छात्र वर्चुअली (ऑनलाइन) इसमें शामिल हो सके । इसके अलावा, विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 छात्रों ने व्यक्तिगत रूप से (फिजिकली) इस कार्यक्रम में भाग लिया। दिल्ली की अपर पुलिस आयुक्त ट्रैफिक (मुख्यालय और जोन-प) विजयांता गोयल आर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं।

# नकली दवाइयों के कारोबार में हवाला से होता था लेनदेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मनोज कुमार जैन और राजू कुमार मिश्रा का गिरोह नकली दवाइयां बेचकर आम लोगों की सेहत और जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा था। गिरोह सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली और नकली दवाइयों को बेहद शातिर तरीके से पूरे देश में भेज देते थे।

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि यह लोग बड़े-बड़े कार्टन में दवाइयां पैक करने के बाद उनको ट्रेन पार्सल से पूरे देश में भेजते थे। मोटी रकम की लेनदेन के लिए हवाला के जरिये पेमेंट दी और ली जाती थी। पुलिस की छानबीन में कई और लोगों के नाम सामने आए हैं। अपराध शाखा की टीम इनकी तलाश में दिल्ली-एनसीआर के अलावा पंजाब, चंडीगढ़, प्रयागराज समेत दूसरे स्थानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इनके मोबाइल फोन और दूसरे दस्तावेजों से मामले की जांच कर रही हैं। छानबीन में पुलिस को पता चला कि आरोपी एक्सपायर हो चुकी दवाइयों को भी खरीद लेते थे। इसके बाद इन दवाइयों को री-पैकेजिंग और री-लेबलिंग कर उनको नए सिरे से बाजार में उतार दिया जाता था। आरोपियों को इस बात से कोई मतलब नहीं था कि दवा नुकसान करेगी या उसको खाकर किसी की मौत भी हो सकती है। यूपी और एमपी के कई शहरों से है संपर्क : पुलिस की पूछताछ में विक्रम उर्फ सन्नी ने बताया कि उसके प्रयागराज के अलावा यूपी के कई दूसरे शहरों की डिस्पेंसरी व अस्पताल के लोगों से संपर्क हैं। वह उन लोगों से भी दवाएं लेकर मनोज व राजू को बेचते थे।छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी वतन के खिलाफ मध्य प्रदेश के रीवा में मादक पदार्थ की तस्करी का मामला दर्ज है।

## रेलवे ने लांच किया 'रेलसेफ' यूट्यूब चैनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने परिचालन कर्मियों को सुरक्षित रेलवे संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के लिए रेलसेफ नाम से एक यूट्यूब चौनल शुरू किया । यह चौनल फ्रंटलाइन कर्मियों कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन को लेकर व्यावहारिक जानकारी प्रदान करता है। इससे उन्हें ट्रेन संचालन को समझने और बेहतर बनाने में मदद करता है।

उत्तर रेलने के मुख्यालय बड़ौदा हाउस में नई दिल्ली में ट्रेन संचालन (परिचालन) पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कार्यशालाः- रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या :** 365888 |
| 2 | **कार्य का नाम और कार्य स्थान :** "आरसीएनके में व्हील डिस्क का अल्ट्रासोनिक परीक्षण (यूएसटी), एलएचबी और वीबी कोचों के अंडरस्लंग भागों और बोगी फ्रेम भागों का डाई पेनिट्रेंट परीक्षण (डीपीटी) और एलएचबी और वीबी कोचों के विभिन्न घटकों का एमपीआई/एमपीटी परीक्षण (कार्यक्षेत्र के अनुसार)" |
| 3 | **अनुमानित लागत :** रु. 45,89,764.64/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | **बयाना राशि :** रु. 91,800/- |
| 5 | **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य |
| 6 | **कार्य अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 महीने (01 वर्ष) |
| 7 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि तथा खुलने की तिथि व समय :** 01.06.2026 को 15:00 बजे तक निविदा खोलने की प्रक्रिया उसी दिन 15:15 बजे होगी। |
| 8 | **निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट :** उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | **यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा।** |

पत्र सं.: 365888 दिनांक: 08.05.2026 1554/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हापुड़ में दर्दनाक हादसा: कैंटर की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह रफ्तार का कहर एक परिवार की खुशियां उजाड़ गया। सिंखेड़ा चौकी क्षेत्र स्थित हावल मोड़ पर तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार ग्राम हवाल निवासी 21 वर्षीय जुनैद पुत्र मुस्तकीम गुरुवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से किसी कार्य से जा रहा था। जैसे ही वह सिंखेड़ा चौकी के पास हावल मोड़ पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और जुनैद सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल युवक को संभालने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही सिंखेड़ा चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मां-बाप और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी घटना के बाद गमगीन माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि जुनैद व्यवहार कुशल और मेहनती युवक था, जिसकी असमय मौत से



हर कोई स्तब्ध है। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया और धौलाना की ओर भागने लगा। पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी की और धौलाना चौराहे पर कैंटर को पकड़ लिया। एसआई राजकुमार और उनकी टीम ने वाहन समेत




चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए कैंटर का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 21 सीटी 1945 है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु हुई है। कैंटर और चालक को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## यूपीआई फ्रॉड का शिकार हुआ युवक, पुलिस ने वापस कराई पूरी रकम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर ठगी के मामलों में लोगों को राहत दिलाने के लिए हापुड़ पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। थाना सिम्भावली की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार हुए एक व्यक्ति की पूरी रकम वापस कराकर उसे बड़ी राहत दी।

जानकारी के अनुसार थाना सिम्भावली क्षेत्र के ग्राम हाईकोर्ट राजपुर निवासी जयवीर सिंह पुत्र रकम सिंह साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। ठगों ने यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से 14 हजार 667 रुपये निकाल लिए थे। खाते से रकम कटने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने तत्काल पुलिस से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सिम्भावली की साइबर सेल ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और बैंकिंग प्रक्रिया के माध्यम से रकम को ट्रेस किया और लगातार प्रयास कर पीड़ित की पूरी 14,667 रुपये की धनराशि वापस कराई। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने राहत की सांस ली और हापुड़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता संख्या, ओटीपी, एटीएम पिन या सीवीवी नंबर जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें। यदि किसी व्यक्ति के खाते से धोखाधड़ी के माध्यम से पैसा निकल जाता है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को सुरक्षित कराया जा सके।

## IGRS में मेरठ रेंज का डंका, हापुड़ समेत चारों जिलों ने हासिल की पहली रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में मेरठ परिक्षेत्र ने प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। खास बात यह रही कि मेरठ रेंज के अंतर्गत आने वाले चारों जनपद मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ ने भी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में प्रदेश में पहली रैंक प्राप्त की है। इस उपलब्धि के बाद पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है।

माह अप्रैल 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी होने के बाद पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। इसी के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में मेरठ परिक्षेत्र और रेंज के चारों जनपदों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डीआईजी ने बताया कि गत माह रेंज के सभी जनपदों की आईजीआरएस शिकायतों की समीक्षा की गई थी। इस दौरान जनपद प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी और विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों द्वारा किए गए प्रभावी कार्य और सतत मॉनिटरिंग का ही परिणाम रहा कि चारों जनपदों ने प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि आमजन




की शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करता है। शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण से जहां लोगों को समय पर न्याय मिलता है, वहीं पुलिस के खिलाफ आने वाली शिकायतों में भी कमी आती है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जनपद प्रभारियों और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच गुणवत्ता के आधार पर की जाए और जांच आख्या अपलोड करने से पहले स्वयं फीडबैक अवश्य लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की जांच केवल औपचारिकता न बनकर वास्तविक और निष्पक्ष होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें और फोन या थाने में बैठकर रिपोर्ट प्रेषित न करें। उन्होंने महिला, वरिष्ठ नागरिक और साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही लंबित शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग, साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करने और तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया। डीआईजी ने कहा कि थानों पर जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जनपद स्तर पर प्रशस्ति देकर प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## राशिद हत्याकांड में 24 घंटे के अंदर तीन हत्यारो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के रामपुर रोड स्थित अलीनगर मोहल्ले में बृहस्पतिवार सुबह हुए सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे शहर को दहला दिया। पुरानी रंजिश के चलते हिस्ट्रीशीटर राशिद की दिनदहाड़े धारदार हथियारों से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच सड़क पर राशिद पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क खून से लाल हो गई। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई, जबकि मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो चाकू भी बरामद किए गए हैं।

थाना हापुड़ नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या की इस वारदात में शामिल तीन आरो. पियों को मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुलंदशहर रोड स्थित चितौली तिराहे के पास से आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राशिद पुत्र रफीक, सूफियान पुत्र रफीक और सुलेमान पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला अलीनगर थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो चाकू भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में अन्य फरार आरो. पियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी मनीष चौहान का कहना है कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## प्रदूषण और नियम उल्लंघन पर प्रशासन सख्त, ईंट भट्टा सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना तहसील क्षेत्र के ग्राम सुखदेवपुर स्थित श्री साईं ब्रिक फील्ड ईंट भट्टे पर शुक्रवार को प्रशासन और उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भट्टे को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध और नियम विरुद्ध संचालित इकाइयों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार धौलाना दिव्यांशी सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम सुबह भठे पर पहुंची। टीम ने सबसे पहले भठे के संचालन से संबंधित अभिलेखों और अनुमति पत्रों की जांच की। इसके साथ ही मौके पर संचालित व्यवस्थाओं और पर्यावरणीय मानकों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने और आवश्यक मानकों के उल्लंघन की शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए भट्टे को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और कई जरूरी दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। कार्रवाई के समय राजस्व निरीक्षक मांगेराम, क्षेत्रीय लेखपाल प्रभात कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तथा अन्य प्रशासनिक कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम की कार्रवाई को लेकर आसपास के लोगों में चर्चा का माहौल बना रहा। नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में अवैध और नियमों के विपरीत संचालित इकाइयों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्यावरण मानकों और प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई इकाई बिना आवश्यक अनुम. ति या नियमों के विरुद्ध संचालित पाई जाती है तो उसके खिलाफ इसी प्रकार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## दहेज हत्या में बड़ा एक्शन, हत्यारोपी पति-ससुर पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दहेज हत्या के मामले में थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्राम पटना मोड़ के पास से दबोचा। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी पति और ससुर काफी समय से वांछित चल रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना हापुड़ देहात पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को ग्राम पटना मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपांशू पुत्र वीरपाल और वीरपाल पुत्र नानकचंद निवासी मोहल्ला भीमनगर थाना हापुड़ देहात के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। बताया जा रहा है कि विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना के चलते उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




## गौरक्षक पर हमला करने वाले आरोपी नहीं हुए गिरफ्तार, रोष व्याप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में गोरक्षक पर हुए जानलेवा हमले में पुलिस अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पीड़ित ने वीडियो जारी कर पुलिस से आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश देने की बात कहीं है।

गांव निवासी गोरक्षक सचिन पंडित ने बताया कि वह चार दिन पूर्व मंदिर से अपने घर लौट रहे थे। तभी गांव निवासी इमरान ऊर्फ बाबा ने उनको रोक कर धार्मिक कार्य ने करने के लिए दवाब बनाया, जबकि कार्य करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी बात का विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट करते हुए उनका गला दबाया। पीड़ित द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन अभी तक उसको गिरफ्तार नहीं कर पाई है। अब सचिन पंडित ने विडिया वायरल कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस यदि आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाती है तो वह उच्च अधिकारी के पास कर जाकर पुलिस की कार्यशैली की शिकायत करेंगे।

## भीषण गर्मी से बचाव को लेकर डीएम की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित लू के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष कविता मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लू और हीट वेव से बचाव के लिए विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने लू प्रबंधन के तहत किए जाने वाले कार्यों, बचाव उपायों और बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान क्या करें और क्या न करें को लेकर भी चर्चा की गई। नगर निकायों और पंचायती राज विभाग को सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल, छायादार स्थान और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और तकनीकी खराबियों का तत्काल समाधान करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को विद्यालयों में विद्यार्थियों को लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने और अत्यधिक तापमान की स्थिति में शासनादेश के अनुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कृषि और पशुपालन विभाग को किसानों और पशुपालकों को गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने को कहा गया। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सूचना विभाग को सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को आपदा मित्रों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर ओआरएस वितरण करने और पक्षियों व पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मौजूद आपदा मित्रों को जनसहयोग से इस अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। जिलाधिक. ारी कविता मीना ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें, अधिक मात्रा में पानी पिएं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, विद्युत विभाग, नगर निकाय, पंचायती राज, परिवहन, पुलिस, कृषि, पशुपालन विभाग के अधिकारी सहित नागरिक सुरक्षा कोर और आपदा मित्र मौजूद रहे।



### एक नजर

## गंगा दशहरा से पहले बृजघाट पर डीएम का सख्त निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शुक्रवार को जिलाधिकारी कविता मीना ने गढ़मुक्तेश्वर स्थित बृजघाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ कहा कि स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और नाव संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर को निर्देशित किया कि घाटों और आसपास के क्षेत्रों में निरंतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को गहरे जल में जाने से रोका जाए और घाटों पर सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गंगा में स्नान के दौरान छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने नाव संचालन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि सभी नाविक अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट के साथ ही श्रद्धालुओं को नाव में बैठाएं। बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी भी नाव को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही घाटों पर अत्यधिक भीड़ एकत्रित न होने देने और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, चिकित्सा शिविर, पेयजल व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। श्रद्धालुओं से भी अपील है कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और गहरे जल में जाने से बचें। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की सक्रियता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने भी व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताया है।

## सुनवाई न होने पर महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी एक महिला ने बेटे की मौत के बाद जिला पंचायज राज विभाग के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीएम को शिकायत पत्र देकर जल्द सुनवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

नगर के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी संतोष देवी ने डीएम को शिकायत पत्र देकर बताया कि उनका पुत्र संदीप जिला पंचायत राज विभाग हापुड़ में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। जिसकी मृत्यू बीमारी के कारण दिनांक सात सितंबर 2024 को हो गई थी। बेटे की मृत्यू से पूर्व ही उसकी पत्नी कंचन अपने मायके चली गई थी। बेटे की मृत्यू के बाद पीड़िता ने आपसी समझौते के आधार पर पूर्व जिलाधिकारी से संदीप के समस्त भुगतान 1/3-1/3 भाग में करना लिखित में तय हुआ था। जिसके सन्दर्भ में दिनांक-18 जून 2025 को पूर्व जिलाधिकारी प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें जिला पंचायत राज विभाग अधिकारी को आदेशित किया था कि कंचन की नौकरी व पेंशन लागू करने से पहले समस्त पैसे का भुगतान किया जाने के आदेश दिए थे, लेकिन आज तक भी पूर्ण पैसों का भुगतान नही हो सका है। जिसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा दिनांक-19 अगस्त 2025 को उनके व उनके अविवाहित पुत्र विशाल को दो चैक द्वारा धनराशि प्रदान की गई। कंचन के खाते में अंकन 11,50,000 रूपये आए। जबकि उनके व विशाल को दो चौकों द्वारा अंकन 3,06,693 व 3,06,693 रूपये प्रदान किए। विभाग द्वारा कहा कि जितने पैसे मिल रहे हैं उतने ले लो। इसके अलावा विभाग द्वारा लिखित में दिया गया था कि बकाया पैसों का भुगतान जल्द से जल्द करा दिया जाएगा। उसके बाद से वह निरंतर लगातार विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन विभाग बकाया पैसों का भुगतान नहीं कर रहा है। जिस कारण उनको काफी दिक्कत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब से पूर्व भी अनेकों बार इस सम्बन्ध में शिकायतें कर चुकी है, परन्तु कोई सुनवाई नही हो रही है। उनके पास आत्मदाह करने के अलावा अन्य कोई चारा नही है, जिसका कारण जिला पंचायज राज विभाग होगा।

## ढोल नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने किया गुड़िया का स्वागत



रोबिन शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र्त्र के गांव झड़ीना निवासी किसान की बेटी वर्दी पहनकर गांव पहुंची तो उसका ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। बेटी ने अपनी इस कामयाबी के पीछे माता पिता का आर्शिवाद बताया।

तहसील क्षेत्र के गांव झड़ीना निवासी देवेंद्र कुमार खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन पोषण करते है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा पांच बच्चे है। बताया गया है कि उनकी बेटी बेटी गुडिया का बचपन से ही पुलिस में रहकर देश की सेवा करने का सपना था। उनके सपनों को देवेंद्र सिंह ने पंख लगाने का काम किया और उनकी हर मेहनत में साथ चलकर सहयोग किया। गुडिया ने कांस्टेबल का फार्म भरा तो उनका नंबर आ गया और ट्रेनिंग करने के बाद वह अपने गांव पहुंची तो माता पिता के अलावा गांव के सैंकडों लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। और ग्रामीणों ने बिटिया का हौसला अफजाई करते हुए शुभकामनाएं दी।

## गिरवी रखे जेवर को गायब करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी एक महिला ने एक सर्राफा कारोबारी पर गिरवी रखे गए जेवरों को गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी तंजीम ने बताया कि उसने नगर निवासी एक सर्राफा की दुकान पर अपने सोने चांदी के जेवर कुछ रूपये की आवश्यकता पड़ने पर गिरवी रखे थे। जेवर गिरवी रखने के बाद से ही वह निरंतर सर्राफा को ब्याज दे रही थी। पीड़िता ने बताया कि अब रकम की व्यवस्था होने पर वह सर्राफा की दुकान पर अपने जेवर लेने के लिए पहुंची तो सर्राफा ने जेवर होने से मना कर दिया। पीड़िता ने ऐसा धोखा करने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गंगा में स्नान करने के दौरान चार श्रद्धालु डूबे, सुरक्षित बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तीर्थ नगरी बृजघाट में शुक्रवार को दिल्ली से आए एक परिवार के साथ बड़ा हादसा होने से बच गया। अस्थि विसर्जन करने के बाद स्नान के दौरान गहरे जल में जाने के दौरान चार श्रद्धालु गंगा में डूबने लगे। गोताखोरों की तत्परता के चलते चारों श्रद्धालुओं को बचा लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक श्रद्धालु को अस्पताल में भर्ती कराया।

शुक्रवार की दोपहर को दिल्ली एंक्लेव निवासी प्रदीप,पीयूष, तनीश और अमित अपने परिवार के साथ वर्मा सिंह की अस्थियां विसर्जित करने के लिए तीर्थ नगरी बृजघाट आए थे। अस्थि विसर्जन के बाद चारों श्रद्धालु गंगा स्नान करने लगे। गंगा स्नान के दौरान चारों श्रद्धालु गहरे जल में जाने के दौरान डूबने लगे। श्रद्धालुओं को डूबते देख आसपास गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं के शोर सुनकर नाव पर बैठे गोताखोर काले केवट और पवन केवट के गंगा में छलांग लगा दी। भारी मशक्कत के बाद चारों श्रद्धालुओं को बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने श्रद्धालु प्रदीप की हालत गंभीर देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराया।

# अजराड़ा में रंजिश का विस्फोट: पानी रोकने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

■ आधे घंटे तक गांव में तांडव, पुलिस-पीएसी ने संभाले हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** थाना क्षेत्र के अजराड़ा गांव में ब्रहस्पतिवार को मामूली कहा. सुनी ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। घरेलू पानी रोकने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट, पथराव और फायरिंग होने लगी। करीब आधे घंटे तक गांव रणक्षेत्र बना रहा। इस हिंसक टकराव में कई लोग घायल हो गए, जबकि फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब सूचना पर पहुंची लोटी चौकी पुलिस उपद्रवियों के सामने असहाय नजर आई। हालात काबू से बाहर होते देख थाना पुलिस को अतिरिक्त फोर्स और पीएसी बुलानी पड़ी। भारी पुलिस बल ने गांव में मोर्चा संभालते हुए करीब चार दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर स्थिति पर नियंत्रण पाया।

### पानी के विवाद से भड़की हिंसा

जानकारी के अनुसार गांव निवासी अब्बास पुत्र उस्मान अपने शौचालय के लिए गड्ढा खुदवा रहा था। इसी दौरान अब्दुल कलाम पक्ष का घरेलू पानी उस गड्ढे में बहने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले तीखी नोकझोंक हुई, जो कुछ ही देर में गाली-गलौज और फिर खूनी संघर्ष में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया। इसी दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई। करीब 30 मिनट तक गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बना रहा। लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

### पुलिस के पहुंचने के बाद भी जारी रहा उपद्रव

घटना की सूचना मिलते ही लोटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उग्र भीड़ के सामने पुलिसकर्मी बेबस दिखाई दिए। उपद्रवी लगातार पथराव और मारपीट करते रहे। हालात बिगड़ते देख चौकी इंचार्ज ने तत्काल थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थाना प्रभारी देवेंद्र मिश्र भारी पुलिस बल और पीएसी के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके से करीब चार दर्जन लोगों को हिरासत में लिया और थाने ले गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पूछताछ के बाद कुछ लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि दोनों पक्षों के कई लोग देर शाम तक थाने में मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश ने डाला आग में घी

बताया जा रहा है कि अब्बास और कलाम पक्ष के बीच पहले से भी प्लॉट के रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा है। कुछ दिन पहले कलाम पक्ष के लोगों पर अब्बास के चचेरे भाई दिलशाद के साथ मारपीट का आरोप लगा था, जिसमें कलाम पक्ष के कुछ लोग जेल भी गए थे। तभी से दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ था। मंगलवार को पानी को लेकर हुआ विवाद उसी पुरानी रंजिश की चिंगारी बन गया। वहीं गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो सके।

थाना प्रभारी देवेंद्र मिश्र से इस प्रकरण में फोन पर बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो पाया।

## सविता गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गैस सिलेंडर न मिलने पर व एजेंसी के खिलाफ गैस की कालाबाजारी करने का आरोप लगते हुए मेरठ में सूरजकुंड स्थित 'सविता गैस एजेंसी' पर उपभोक्ताओं ने जमकर काटा हंगामा। मेरठ में सूरजकुंड क्षेत्र स्थित 'सविता गैस एजेंसी' पर शुक्रवार को उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर न मिलने के विरोध में जमकर हंगामा किया। बड़ी संख्या में लोगों ने एजेंसी के खिलाफ गैस की कालाबाजारी करने का आरोप भी लगाया। उपभोक्ताओं का आरोप था कि उन्होंने कई दिन पहले गैस सिलेंडर बुक कराए थे, लेकिन एजेंसी द्वारा समय पर आपूर्ति नहीं की जा रही थी। उपभोक्ताओं ने बताया कि बार-बार गैस एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा था। इससे नाराज लोगों ने एजेंसी के खिलाफ जमकर हंगामा किया। वहीं, एजेंसी कर्मचारियों ने बताया कि आपूर्ति प्रभावित होने के कारण वितरण में समस्या आ रही है।

# जीटीबी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित जीटीबी स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास और भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों की माताओं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित एवं माताओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत, कविता पाठ, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने अपनी माताओं को हस्तनिर्मित कार्ड और उपहार भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने 'मॉम एंड मी' गतिविधियों में भाग लेते हुए गेम्स, रैंप वॉक और गीत-संगीत का आनंद लिया। वहीं वरिष्ठ छात्रों ने मातृ प्रेम पर आधारित भाषण और समूह गान प्रस्तुत किए।

प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने कहा कि मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है और ऐसे आयोजन बच्चों में माता-पिता के प्रति सम्मान व कृतज्ञता की भावना को मजबूत बनाते हैं। अंत में सभी माताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## मेडल जीतने वाले बच्चों को डीएम और सीडीओ ने किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खरखौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत कैली में 2024 में बालि. काओं के लिए नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया था। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करके वर्णिका त्यागी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली में आयोजित साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और साक्षी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह और एडीओ पंचायत मनोज कुमार के नेतृत्व में विजेता बच्चे जिलाधिकारी डा. वी.के सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल से मिले। जहां अधिकारियों ने प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। डीएम ने बच्चों को ट्रॉफी खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। वादा किया कि जो भी बच्चा ब्लैक बेल्ट लेकर आएगा उसको सम्मानित किया जाएगा। वहीं सीडीओ नूपुर गोयल ने अपने साथ बच्चों को समा. 'से खिलाएं। बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोच नीलम मिश्रा, कोसी त्यागी, रिया, आरती, अरशद, वर्णिका गौर समेत आदि प्रतिभाशाली बच्चे मौजूद रहे।

## बागपत के दो वांछितों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कला निधी नैथानी ने जनपद बागपत के दो वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पहला वांछित रवि पुत्र सतवीर, निवासी ग्राम गांगनौली, थाना दोघट है। वह थाना दोघट पर पंजीकृत मु.अ.सं. 239/2014 धारा 302/201 भादवि में वांछित चल रहा है। दूसरा वांछित जावेद उर्फ सलीम पुत्र आकिल है, जो रटौल थाना खेकड़ा का निवासी है। वर्तमान में वह नंगला गोविन्दपुर, थाना ककौड़, जनपद बुलंदशहर में रह रहा है। जावेद मु.अ. सं. 114/2026 धारा 304 बीएनएस एवं मु.अ.सं. 116/2026 धारा 308(4), 352 बीएनएस में वांछित है। पुलिस उप महानिरीक्षक कला निधि ने यह घोषणा बागपत पुलिस की संस्तुति पर की है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इन अपराधियों के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# शोभित विश्वविद्यालय में उभरती प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ की कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. राजीव कांत द्वारा एक अत्यंत ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. कांत ने फिनलैंड के यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू से डी.एससी. की उपाधि प्राप्त की है तथा वे सवोनिया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज में प्रिंसिपल लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ उनकी विशेषज्ञता आईओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स तथा वायरलेस क्लाउड एवं एज कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में है।



कार्यशाला के दौरान उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तृत जानकारी साझा की, जिससे यह सत्र अत्यंत रोचक एवं उपयोगी बन गया। बी.टेक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स से संबंधित प्रश्न पूछे तथा नई तकनीकों के व्यावहारिक पक्ष को समझा। डॉ. कांत यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू में एडजंक्ट प्रोफेसर एवं हेबेई यूनिवर्सिटी ऑफ एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। वे आईईईई के वरिष्ठ सदस्य भी हैं। उन्होंने पूर्व में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में कार्य किया है। उनके द्वारा 110 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए जा चुके हैं तथा उन्होंने यूसीएनड्रोन, वीएलईफैक्ट एवं एआईक्यूसेक जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी एवं प्रतिकुलपति डॉ. जयानंद ने डॉ. राजीव कांत के साथ फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली, अनुसंधान संस्कृति तथा तकनीकी शिक्षा के आधुनिक स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा मॉडल से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने कहा कि वैचारिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में परिवर्तित करना आईटी जगत में सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा एवं उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को समझने में सहायक होती हैं। इस अवसर पर डॉ. निधि त्यागी एवं डॉ. ममता बंसल ने प्रोफेसर डॉ. राजीव कांत को सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के साथ उनके प्रेरणादायी संवाद के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डॉ. तरुण शर्मा, डॉ. दिव्या प्रकाश एवं निमरा मिर्जा को विशेष धन्यवाद दिया गया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को नवाचार एवं उन्नत तकनीकी अनुसंधान की दिशा में प्रेरित करने में अत्यंत सफल रही।

# धूमधाम से मनाया जाएगा श्याम बाबा का द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह

■ दिल्ली के रसराज जी महाराज सुंदरकांड से करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

■ विशाल भंडारे का किया जाएगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर गांधारी तालाब परिसर में स्थित सिद्ध पीठ खाटू वाले श्याम बाबा का द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें श्री रसराज जी महाराज कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड से करेंगे। वहीं रात्रि में एक से एक सुंदर भजन की प्रस्तुति के लिए प्रसिद्ध गायक रहेंगे। गांधारी तालाब स्थित परिसर में खाटू श्याम बाबा श्याम का विशाल मंदिर 2 साल पूर्व 10 मई को मनाया गया था तथा प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से हुई थी। मंदिर के वरिष्ठ सेवादार राजीव बंसल ने बताया कि 10 मई रविवार को दूसरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह



आयोजित किया जाएगा जिसमें शाम 4 बजे से श्री रसराज जी महाराज दिल्ली वाले संगीतमय सुंदरकांड का भवय आयोजन करेंगे वहीं रात्रि में श्रेष्ठ दीक्षित, कीर्ति कौशिक, आयुष सोमानी अक्षत वशिष्ठ, मोहित कश्यप रवि वर्ण, कपिल यादव रितिका नामदेव एक से एक सुंदर भजन की प्रस्तुति करेंगे तथा सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप उसे संगीत देगा। वहीं एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा इसकी तैयारी पूर्ण रूप से चल रही है। श्याम बाबा मंदिर कमेटी के सेवादार दिन-रात इसमें लगे हुए हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने की पूरी योजना तैयार की है । अन्नू गर्ग, रुपिन बंसल ने बताया कि कि कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री दिनेश खटीक बाबा की ज्योति जलाकर करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहेगा। राजीव बंसल ने बताया कि मंदिर से हर साल तीन चार शोभायात्रा भी निकल जाती हैं जिसमें बाबा श्याम का डोला पूरे नगर में धूमधाम से घुमाया जाता है और भंडारा प्रसाद वितरण किया जाता है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मुनेंद्र त्यागी, अनु गर्ग, रुपिन बंसल, अभिषेक, नीतू जिंदल, मयंक अग्रवाल, दीपक राजवंशी, मूलचंद, गजेंद्र गुर्जर, पंडित सूरज नोटियाल, गौरांग माहेश्वरी, डा. ओमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

## गुर्जर जन जागृति सम्मेलन के लिए जुटे गुर्जर समाज के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 10 मई को होने वाले गुर्जर जनजाति सम्मेलन को लेकर गुर्जर समाज कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें 1857 की क्रांति नायक धन सिंह कोतवाल को भारत रत्न दिलाने को लेकर और अपने गुर्जर समाज को राज्य सरकार द्वारा अनदेखी करने के उपलक्ष में सम्मेलन किया जाएगा। वहीं इसी को लेकर एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें ज्यादा से ज्यादा सम्मेलन को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई। इस मौके पर गुर्जर समाज के जिम्मेदारों ने 10 मई को आयोजित होने वाली गुर्जर जनजा. ति सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल पर जाकर इसका जायजा लिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता भोपाल सिंह गुर्जर में सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की लोगों से अपील की।

# किसानों की आवाज को अनदेखा नहीं होने देंगे: भाकियू श्रमिक जनशक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को प्रशासन में गंगा एक्सप्रेसवे किनारे औद्योगिक गलियारे के विकास को लेकर बिना किसी विरोध के पहले चरण में करीव 214 हेक्टेयर भूमि प्रशासन ने क्षेत्र के किसानों की अधिग्रहण कर ली थी। दूसरे चरण के अधिग्रहण के लिए प्रशासन ने 292 हेक्टेयर कृषि भूमि को चिन्हित किया है। इसके लिए कस्वा खरखौदा, गांव छतरी, खड़खड़ी व गोविंदपुरी के करीब 800 किसानों की भूमि जानी तय हुई है। सभी किसानों ने एकजुट होकर अपनी भूमि को उपजाऊ बताया और औद्योगिकीकरण के विकास की इस योजना को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए जमीन देने से इन्कार कर दिया था। नियमानुसार जब तक 70 प्रतिशत किसानों की सहमति न हो तब तक जमीन का अधिग्रहण संभव नहीं है। इस अधिग्रहण को रद्द करने के लिए किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को भी प्रार्थना पत्र दया था। इस योजना को रद्द करने की मांग को लेकर किसान लगातार 19 माह से धरने पर बैठे हैं। किसानों ने बताया कि जब मुख्यमंत्री कार्यालय से योजना के विस्तार के लिए दबाव बनाया जाता है तो मेरठ के प्रशासनिक अधिकारी उन्हें गुमराह कर देते हैं। किसानों का कहना है कि मेरठ प्रशासन शायद किसान एकता को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि किसान इस योजना में अपनी एक भी इंच भूमि नहीं देंगे। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। प्रदेश सचिव डॉक्टर अली मेहदी, कोकब काजमी, जीशान मोहम्मद, जिला अध्यक्ष मेहदी असगर और अली मुरसल मौजूद रहे।




## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य कर्म सिंह का पगड़ी पहनाकर किया सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार के सदस्य कर्म सिंह कर्मा से नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की और पगड़ी तथा पटका पहना कर व बुके देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान काजी शादाब ने आयोग के सदस्य को मेरठ नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मुख्य समस्याओं, जिसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 800 प्रतिदिन करने और ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने तथा वर्षों से काम कर रहे अस्थाई कर्मचारियों का स्थाईकरण ना होने की समस्या से अवगत कराया। इस पर आयोग के सदस्य ने जल्द से जल्द मेरठ नगर निगम के उच्चाधिकारियों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से फिरोज हबीब अंसारी, अजहर भारती, डॉ. राजेश कांगड़ा, दिलदार सैफी, रिंकू वर्मा, जुल्फिकार चौधरी, दानिश वारसी, जुबैर खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# आईजीआरएस निस्तारण में मेरठ रेंज अव्वल

### चारों जिले भी प्रथम, डीआईजी कला निधि नैथानी के नेतृत्व में बदल रहा सफलता का ग्राफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रणाली आईजीआरएस की अप्रैल 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में मेरठ रेंज ने उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि रेंज के चारों जिले मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ ने भी प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त की है।

डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कला. निधि नैथानी ने बताया कि जनवरी में आईजीआरएस जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। इसी का परिणाम है कि अप्रैल की रैंकिंग में मेरठ रेंज पूरे प्रदेश में अव्वल रही।

गत माह सभी जनपद प्रभारियों को शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। डीआईजी ने सभी जिलों के प्रदर्शन की सराहना की और आगे भी इसी तरह कार्य करने को कहा।

### डीआईजी के सख्त निर्देश

1. जांच में पारदर्शिता: जांच अधिकारी खुद मौके पर जाकर जांच करें। फोन या थाने से रिपोर्ट न भेजें।
2. फीडबैक अनिवार्य: थाना प्रभारी स्वयं शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर ही आख्या अपलोड कराएं।
3. प्राथमिकता वाले केस: महिला, वरिष्ठ नागरिक और साइबर अपराध की शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो।
4. साप्ताहिक समीक्षा: लंबित शिकायतों के लिए हर सप्ताह मॉनिटरिंग बैठक होगी।
5. प्रोत्साहन: अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

डीआई नैथानी ने कहा कि शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण से जनता को त्वरित न्याय मिलता है और पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है। इससे पुलिस के विरुद्ध आने वाली शिकायतों में भी कमी आती है।




## प्रो. मोनिका मेहरोत्रा सर्वश्रेष्ठ महिला प्रोफेसर पुरस्कार 2026 से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ की प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा को शिक्षा, शोध, समाजसेवा तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दो राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किए गए हैं। उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ महिला प्रोफेसर पुरस्कार 2026' तथा 'राष्ट्रीय स्तरीय सर्वश्रेष्ठ महिला सेवा पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे शैक्षणिक जगत के लिए प्रेरणादायक क्षण है।



प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा वर्तमान में स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ की प्रोफेसर एवं संयोजिका के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। इसके साथ ही प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटिज, एफ.ए. एस.एस में अर्थशास्त्र विषय की वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों, सहयोगियों और परिवारजनों का सम्मान है जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में भी शिक्षा, शोध और समाजसेवा के क्षेत्र में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करती रहेंगी।

